**Shree Ram Sharnam,**
**International Spiritual Centre**
8A, Ring Road, Lajpat Nagar - IV,
New Delhi - 110 024, INDIA

**जब राम नाम गुण गावेगा रे**
**जब राम नाम गुण गावेगा,**
**तेरा जन्म सफल हो जावेगा रे ॥**
**जब राम नाम गुण गावेगा रे...**

**मोह जाल में क्यों भरमाया,**
**ये सब है दो पल की छाया,**
**अन्त समय कुछ काम न आऐ,**
**फिर पाछे पछताऐगा रे ॥१॥**
**जब राम नाम गुण गावेगा रे...**

**राम किरण है राम उजाला,**
**राम ही सब कुछ देने वाला,**
**राम नाम से प्रीत बढ़ा ले,**
**काम ये नाम ही आवेगा रे ॥२॥**
**जब राम नाम गुण गावेगा रे...**

**राम नाम को मन में बसा ले,**
**जीवन नईया वो ही सम्भाले,**
**सौंप दे सब कुछ उसके हाथों,**
**वो ही पार लगावेगा रे ॥३॥**
**जब राम नाम गुण गावेगा रे...**

www.shreeramsharnam.org / www.ibiblio.org/ram